आयुष स्टार्ट-अप चैलेंज

हाल ही में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (All India Institute of Ayurveda- AIIA) ने **स्टार्ट-अप इंडिया** के साथ मिलकर 'आयुष स्टार्ट-अप चैलेंज' (Ayush Start-up Challenge) को लॉन्च किया है।

- **आयुष** स्वास्थ्य देखभाल और उपचार की पारंपरिक एवं गैर-पारंपरिक प्रणालियाँ जिनमें आयुर्वेद (Ayurveda), योग (Yoga), प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी (Unani), सिद्ध (Siddha), सोवा-रिग्पा (Sowa-Rigpa) व होम्योपैथी (Homoeopathy) आदि शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु:

- **आयुष स्टार्ट-अप चैलेंज के बारे में:**
  - इसे आयुर्वेद और वैकल्पिक उपचार के क्षेत्र में नवाचारों पर काम करने वाले स्टार्ट-अप और व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिये लॉन्च किया गया था।
  - आयुष स्टार्ट-अप चैलेंज के विजिताओं को AIIA से नकद पुरस्कार और इन्क्यूबेशन सपोर्ट प्राप्त होगा।
    - विजिता को एक लाख रुपए और उप-विजिता को 50 हज़ार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
- **श्रेणियाँ:**
  - भाग लेने वाले स्टार्ट-अप के लिये 3 प्रवेश श्रेणियाँ:
    - आयुष खाद्य नवाचार
    - आयुष बायो-इंस्ट्रूमेंटेशन (हार्डवेयर समाधान)
    - आयुष आईटी समाधान (सॉफ्टवेयर समाधान)
  - 3 श्रेणियों में से प्रत्येक में दो विजिता होंगे।

आयुष बाज़ार (AYUSH Market) की स्थिति:

- आयुष क्षेत्र का बाज़ार वर्ष 2014-20 में 17% बढ़कर 18.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया है।
- वैश्विक हिस्सेदारी में भारत ने दुनिया की तुलना में आयुष बाज़ार में तेज़ी से बढ़त हासिल की है तथा उसका बाज़ार में लगभग 2.8 प्रतिशत हिस्सा है और इसके बने रहने की संभावना है।
- आयुष बाज़ार वर्तमान में लगभग **10 अरब अमेरिकी डॉलर** होने का अनुमान है तथा अगले पाँच वर्षों के दौरान इसमें 50% की वृद्धि की संभावना है।

आयुष से संबंधित अन्य योजनाएँ:

- राष्ट्रीय आयुष मिशन
- आयुष सेक्टर से संबंधित नए पोर्टल
- आयुष उद्यमिता कार्यक्रम
- आयुष वेलनेस सेंटर
- एसीसीआर पोर्टल और आयुष संजीवनी एप

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस